प्रादेशिक समाचार
आकाशवाणी जयपुर–अजमेर
दिनांकः 02.01.2026 समय : 09:00 ए.एम.

..................

- रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कहा–भारत की पहली बुलेट ट्रेन 15 अगस्त 2027 को शुरू होने की संभावना।
- रक्षामंत्री राजनाथ सिंह आज उदयपुर दौरे पर–महाराणा भूपाल नोबल्स संस्थान के स्थापना दिवस समारोह में शामिल होंगे।
- जयपुर में 4 से 6 जनवरी तक **'राजस्थान डिजिफेस्ट टाई ग्लोबल समिट 2026'** का आयोजन–राज्य के स्टार्टअप्स को 200 करोड रूपये से अधिक का निवेश मिलने की संभावना।
- प्रदेश के कई जिले शीतलहर की चपेट में–घने कोहरे से दृश्यता में कमी।

..................

रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कहा है कि भारत की पहली बुलेट ट्रेन 15 अगस्त 2027 को शुरू होने की संभावना है। श्री वैष्णव ने कल नई दिल्ली में मीडिया को बताया कि यह बुलेट ट्रेन अहमदाबाद और मुंबई के बीच चलेगी। सबसे पहले सूरत से बिलिमोरा तक का सेक्शन खुलेगा, उसके बाद वापी से सूरत तक का सेक्शन खुलेगा।

.....

..................

रक्षामंत्री राजनाथ सिंह आज उदयपुर दौरे पर रहेंगे। श्री सिंह महाराणा भूपाल नोबल्स संस्थान के 104 वें स्थापना दिवस समारोह में शामिल होंगे। समारोह का आयोजन महाराणा प्रताप खेल मैदान पर किया जा रहा है। स्थापना दिवस समारोह में रक्षामंत्री के अलावा उदयपुर सांसद डॉ. मन्नालाल रावत और चित्तौडगढ सांसद सी पी जोशी तथा राजसमंद सांसद महिमा कुमारी भी शामिल होंगे। संस्थान के कार्यवाहक अध्यक्ष प्रोफेसर शिव सिंह सारंग देवोत ने बताया कि पिछली एक सदी से इस संस्थान के विद्यार्थी शिक्षा, चिकित्सा, राजनीति और सेना के क्षेत्र में विशिष्ट सेवायें दे रहे है।

..................

जयपुर में 4 से 6 जनवरी तक **'राजस्थान डिजिफेस्ट टाई ग्लोबल समिट 2026'** का आयोजन होने जा रहा है। इससे प्रदेश आई.टी. और स्टार्टअप विकास के प्रमुख केन्द्र के रूप में अपनी पहचान बनाएगा। मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा ने समिट की तैयारियों को लेकर कल बैठक की। मुख्यमंत्री कार्यालय में हुई इस बैठक में श्री शर्मा ने कहा कि इस समिट से राज्य के स्टार्टअप्स को फंडिंग और मेंटरिंग के लिए वैश्विक मंच मिलेगा। उन्होंने कहा कि इस समिट में दस हजार से ज्यादा प्रतिभागी शामिल होंगे। इनमें स्टार्टअप्स, निवेशक, युवा उद्यमी, आईटी प्रोफेशनल और विद्यार्थियों तथा कई राज्यों के सूचना प्रौद्योगिकी और उद्योग विभाग के अधिकारी भाग लेंगे। समिट में 1200 से अधिक ग्लोबल कंपनियों के फाउन्डर सीईओ और 20 से ज्यादा यूनिकोन, सूनीकोन स्टार्टअप्स के फाउंडर भी हिस्सा लेंगे। डिजिफेस्ट में आयोजित होने वाले सेक्टोरल सेशंस में एआई सहित अन्य विषयों पर चर्चा होगी। इस समिट के माध्यम से राजस्थान के स्टार्टअप्स को 200 करोड रूपये से अधिक का निवेश प्राप्त करने का अवसर मिलेगा। समिट के तहत राजस्थान रीजनल एआई इम्पेक्ट कॉन्फ्रेंस भी आयोजित की जायेगी। मुख्यमंत्री इस दौरान राजस्थान एआई एमएल पॉलिसी भी जारी करेंगे।

..................

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा कि जिला आधारित स्थानीय उत्पाद प्रदेश की आर्थिक समृद्धि का मूल आधार हैं। इसी दिशा में सरकार ने हर जिले में स्थानीय विशिष्टता और विरासत संरक्षण तथा संवर्धन के लिए **पंच गौरव** कार्यक्रम की पहल की है। श्री शर्मा कल मुख्यमंत्री कार्यालय में आयोजित बैठक में बोल रहे थे। उन्होंने अधिकारियों को हर जिले में इसके लिए दीर्घकालीन कार्ययोजना बनाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि संबंधित नोडल विभाग पंच गौरव कार्यक्रम की नियमित समीक्षा भी करेंगे। श्री शर्मा ने कहा कि सभी जिलों के चयनित कृषि उत्पादों की नवाचारों के साथ ब्रांडिंग की जाए ताकि इन

उत्पादों को नई पहचान मिल सके। उन्होंने वन विभाग को स्थानीय विशेषता के आधार पर पौधे तैयार करने और वृक्ष मित्र नियुक्त करने के निर्देश दिए। उन्होंने खेल विभाग को प्रत्येक जिले में स्थानीय युवाओं को खेलों से जोड़ने के निर्देश दिए।
गौरतलब है कि प्रदेश में पंच गौरव कार्यक्रम के तहत प्रत्येक जिले में एक उत्पाद, एक उपज, एक खेल, एक वनस्पति और एक पर्यटन स्थल को प्रोत्साहित किया जा रहा है।

..................

प्रदेश में कई जिलों में जनजीवन घने कोहरे और शीतलहर से प्रभावित है। वहीं पश्चिमी विक्षोभ के असर से कल जयपुर सहित पांच शहरों में हल्की बारिश दर्ज हुई। मौसम विभाग के अनुसार चित्तौडगढ और सीकर के रामगढ़ में आधे घंटे तेज पानी बरसा। बारिश के कारण तापमान में 3 से 4 डिग्री तक की गिरावट आई है। अजमेर, अलवर भीलवाडा और कोटा में भी रूक रूक कर हल्की बारिश हुई। जैसलमेर, करौली, भीलवाडा, सवाईमाधोपुर, सीकर, जालौर, चूरू और झुंझुनूं सहित कई स्थान शीतलहर की चपेट में है। सर्द हवायें ठिठुरन बढ़ा रही है। वहीं घने कोहरे के कारण दृश्यता काफी घट गई है। मौसम विभाग की ओर से लोगों से यात्रा के दौरान सतर्कता रखने की अपील की गई है। वहीं किसानों और खुले क्षेत्रों में काम करने वाले लोगों को भी अतिरिक्त सावधानी बरतने की सलाह दी गई है। राज्य में अगले दो तीन दिन तक कई हिस्सों में घने से बहुत घने कोहरे का असर रहने की संभावना है। वहीं तापमान में भी 3 से 4 डिग्री सेल्सियस की गिरावट आ सकती है।

0000

राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह की कल से शुरूआत हो गई है। इसका आयोजन सीख से सुरक्षा, टेक्नॉलोनी से परिवर्तन थीम पर किया जा रहा है। प्रदेश में भी इस दौरान सड़क सुरक्षा जागरूकता को लेकर कई गतिविधियां हो रही है। अजमेर में सड़क सुरक्षा प्रदर्शनी लगाई गई है। संभागीय आयुक्त शक्तिसिंह राठौड ने जागरूकता रथ को भी रवाना किया। फलौदी जिला कलेक्टर श्वेता चौहान ने भी जागरूकता रथ को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। उधर भरतपुर और जैसलमेर में भी प्रदर्शनी के माध्यम से लोगों को सुरक्षित ड्राइविंग और यातायात नियमों का पालन करने के लिए जागरूक किया जा रहा है।

.................

कोटा हाडोती ट्रेवल मार्ट आज से आयोजित किया जा रहा है। तीन दिन चलने वाले इस ट्रेवल मार्ट में देशभर के टूर ऑपरेटर्स बीटूबी मीटिंग्स करेंगे। हमारे कोटा संवाददाता ने बताया कि ट्रेवल मार्ट का उद्‌घाटन समारोह आज शाम चम्बल रीवर फ्रंट के शौर्य घाट पर होगा।

.................

झुंझुनूं के आबूसर में आज से शेखावाटी हस्तशिल्प और पर्यटन मेले की शुरूआत हो रही है। जिला उद्योग और वाणिज्य केन्द्र के महाप्रबंधक ने बताया कि 9 जनवरी तक चलने वाले इस मेले में प्रदेश के विभिन्न क्षेत्रों के हस्तशिल्प और बुनकर जुटे है। ग्रामीण हाट बाजार के साथ ही मेले में पर्यटन से जुडी गतिविधियां और सांस्कृतिक कार्यक्रम रखे गए है। मेले में आगन्तुकों के लिए रोडवेज की ओर से निशुल्क बसों की भी व्यवस्था की गई है।

....................

बाडमेर में आज से 69वीं राष्ट्रीय बास्केटबॉल प्रतियोगिता शुरू हो रही है। इसमें देशभर से 62 टीमों के 700 से ज्यादा खिलाडी भाग लेंगे।

....

................